

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–236/2026

बिहार लोक भवन को जीरो वेस्ट कैम्पस बनाने की दिशा में पहल

पटना 02 नवम्बर, 2026 :– बिहार लोक भवन को आदर्श जीरो वेस्ट कैम्पस के रूप में विकसित करने के लिए माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) के समक्ष एएफसी इंडिया लिमिटेड ने पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

इसका मुख्य उद्देश्य लोक भवन परिसर में कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करना है। इसके तहत 'एक परिसर, एक समेकित कचरा प्रबंधन प्रणाली' की अवधारणा के साथ आठ व्यावहारिक बदलावों का प्रस्ताव रखा गया।

प्रस्तुतीकरण के दौरान राज्यपाल ने ई–कचरा, ठोस कचरा, धातु अपशिष्ट और निर्माण सामग्री के निस्तारण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विशेषज्ञों की टीम से बिहार लोक भवन के पूरे परिसर का सर्वे कराने और कचरे की प्रकृति एवं मात्रा का आकलन कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निदेश दिया।

इस अवसर पर एएफसी इंडिया लिमिटेड एवं संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि, ब्रेडा और ऊर्जा विभाग के अभियंता, बिहार लोक भवन के पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

.....